# 20 किलोमीटर पदचिन्हों का पीछा कर नकबजन गिरोह के तीन जने पकड़े

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। जैसलमेर जिले की मोहनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने शातिर नकबजन गिरोह का खुलासा कर हनुमानगढ़ जिले में थाना टिब्बी अंतर्गत गांव मलडखेड़ा निवासी सुखराम बावरी पुत्र बलबीर सिंह (25) एवं गुरबचन सिंह बावरी पुत्र सुंदर सिंह (26) तथा साबूआना निवासी गुरदीप सिंह बावरी पुत्र प्रीतम सिंह (29) को 20 किलोमीटर इनके पद चिन्ह का पीछा कर गिरफ्तार किया है।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में छः ढाणी मोहनगढ़ निवासी इस्लाम खान द्वारा रिपोर्ट दी गई कि 12 मई की रात वह परिवार सहित घर के आंगन में सो रहा था। रात को को अज्ञात चोर घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़ अंदर रखी संदूक उठाकर ले गए। उसी रात पड़ोसी रहीम खान के घर से भी चोर संदूक चुरा ले गये।

पद चिन्हों के आधार पर उन्होंने पीछा किया तो कुछ दूरी पर रहीम खान का संदूक मिल गया। जिसमें रखे 1 लाख रुपये नहीं थे। उससे थोड़ी दूर आगे झाड़ियां में फेंका हुआ उसका संदूक भी मिल गया। जिसमें 15 हजार नगद व सोने चांदी के गहने नहीं थे। बाकी सामान बिखरा हुआ मिला। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जिले में लगातार एक ही तरीके से हो रही नक़बज़नी की बड़ी वारदातों को गंभीरता से लेते हुए एसपी चौधरी द्वारा घटना की खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी व सीओ संजीव कटेवा के सुपरविजन एवं एसएचओ मोहनगढ़ प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीमों द्वारा ठाामीणों व मुखबिरों के सहयोग से करीब 20 किलोमीटर अस्पस्ट पदचिन्हों का पीछा कर गिरोह का खुलासा करते हुए इन तीनों नकबजनो को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों द्वारा जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर व हनुमानगढ़ जिले में एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस की टीम इनसे विस्तृत पूछताछ कर रही है। जिससे और भी वारदातों की खुलासा होने की पूरी संभावना है।

### टारगेट घर का गूगल मैप से करते हैं निरीक्षण

पूछताछ में सामने आया कि इस गिरोह के व्यक्ति बाइक या अन्य चौपहिया वाहनों से घर से 300-400 किलोमीटर दूर जाकर गूगल मैप से रहवासी मकान का निरीक्षण कर चयन करते हैं। उसके बाद वाहन को छोड़ पैदल-पैदल दो-तीन किलोमीटर चलकर मौके पर पहुंचते है।

### आवाज न हो इसके लिये पैरों में पहनते हैं दो-तीन जुराब

आरोपी 2-3 जुराब पहनकर पैरों की आहट को कम कर सोए हुए घर वालों की नजरों से बचकर खिड़की, दरवाजों और छतों से घर में प्रवेश कर नगद रुपए व गहने रखे बक्से या संदूक को उठाकर 500-600 मीटर की दूरी पर ले जाकर ताला तोड़ कीमती सामान चुरा लेते हैं। वे अन्य सामान को वहीं छोड़ भाग जाते हैं। एक ही रात में दो-तीन घरों को निशाना बनाया जाता है।



जैसलमेर जिले की मोहनगढ़ थाना पुलिस की टीम ने शातिर नकबजन गिरोह का खुलासा किया।

### पुलिस के डर से चोरी का माल छोड़ भागा चोर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में सम थाना इलाके के सलखा गांव में 10 मई की रात बुजुर्ग के घर हुई चोरी में संपूर्ण सोने-चांदी के जेवर पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। जिनकी कीमत करीब 40 लाख है।

### पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

पुलिस के भय से अज्ञात चोर गांव से कुछ दूरी पर एक सरकारी कार्यालय के बाहर माल छोड़कर फरार हो गया था। थाना पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।


### सलखा गांव निवासी ने सम में दी रिपोर्ट

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि 11 मई को सलखा गांव निवासी लाल सिंह ने थाना सम में रिपोर्ट दी कि उसके बुजुर्ग दादोसा व उनका भाई नखत सिंह नजदीक गांव में ही रहते हैं। अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर अंदर पीपे में रखें 18 तोले सोने की कंठी, चार बीटी, एक सोने का बोर, चांदी कंदोरा, 7 तोला की आड़, चांदी का झांझर, चांदी की पाजेब, झुमरी व खोखरू, दो चांदी के सिक्के और करीब डेढ़ लाख नगद चुरा ले गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

बुजुर्ग के यहां हुई लाखों की नकबजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी चौधरी द्वारा घटना के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका कुमावत व सीओ राजेश कुमार शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ सम ओमाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आवश्यक निर्देश दिए गए। एमओबी यूनिट को बुलाकर निरीक्षण किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार घटनास्थल एवं आसपास निगरानी रखी, संदिग्धों से पूछताछ की गई।

पुलिस के बढ़ते दबाव और पकड़े जाने की भय से अज्ञात मुल्जिम चोरी किए गए संपूर्ण सोने व चांदी के जेवरात गांव सलखा में पीएचईडी कार्यालय के सामने स्थित पानी की टंकी के पास रखकर भाग गया, जिसे मौके से जब्त किया गया। जिसकी कीमत करीब 40 लाख रुपए है। पुलिस की टीम अज्ञात चोर की तलाश कर रही है।

# गौरी माता ढाणी स्थित सूखी नाड़ी में पानी के टैंकर डलवाए



गणेश महिला मंडल ने गौरी माता ढाणी स्थित सूखी नाडी में पानी के तीन टैंकर डलवाए। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। गर्मी के मौसम में मछलियों और जानवरों के पीने के लिए पानी के लिए गणेश महिला मंडल की ओर से शहर के निकट गौरी माता ढाणी स्थित सूखी पड़ी नाडी में पानी के तीन बड़े टैंकर डलवाकर बड़ा ही पुण्य का काम करवाया।

इस अवसर पर जलदाय विभाग की एई न शोभा कुमारी का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर गणेश महिला मंडल की हंसू वैष्णव, संध्या दवे, भावना भार्गव, ललिता शर्मा मौजूद रही।

# शिक्षक संघ रा. ने मांगों का ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से प्रांत व्यापी आव्हान के तहत शिक्षकों की विभिन्न मांग पत्र को लेकर बुधवार को जिलाध्यक्ष शैतान सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीणा को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा।

संगठन के जिला मंत्री हीरसिंह राठौड़ ने बताया कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं 1 जुलाई 2024 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने, शिक्षकों की सभी संवर्गो की बकाया पदोन्नति यथाशीघ्र करने, अधिशेष शिक्षकों का समायोजन कर वेतन व्यवस्था में सुधार करने, माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न लागू करने, शिक्षा के क्षेत्र में एनजीओ का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करने, संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों को क्रमोन्नति तथा शिक्षकों की नवीन भर्ती करने सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौपा।

अंबिका प्रसाद तिवारी ,नरेंद्र बोहरा, नाथाराम भाटी, अर्जुन सिंह , विक्रम सिंह चारण ,सुरेश शर्मा, विक्रम सिंह सिराणा ,करनाराम चौधरी, खुशवंत नाग ,ललित दवे, हितेश दवे , गोपाल चंद्र ,पुष्पेंद्र परमार, रमेश राठौर, ओमप्रकाश , राजेंद्र परमार, जसपाल सिंह, कल्पेश आदि उपस्थित रहे।

# जोधपुर में मतगणना स्थल का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत जोधपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र की मतगणना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय (छात्र) एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना के लिए प्रदान किए गए समस्त दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने मतगणना के लिए विधानसभावार स्थापित किए जाने वाले काउंटिंग हॉल का दौरा कर उनमें की जाने वाली व्यवस्था यथा ए.आर.ओ टेबल, इवीएम टेबल, मतगणना कार्मिकों, मतगणना एजेंट के बैठने के लिए पर्याप्त जगह रखने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही, मतगणना दिवस के दिन गर्मी से राहत के लिए कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश भी प्रदान किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार सेवानियोजित मतदाताओं द्वारा इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के माध्यम से किए गए मतदान की प्री-काउंटिंग, काउंटिग एवं पोस्टल बैलट की गणना केंद्रीयकृत करने एवं इनकी मतगणना करवाई जाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने मीडिया सेन्टर, मोबाईल कलेक्शन सेन्टर स्थापित कर उन पर प्रशासनिक अधिकारी नियुक्ति के आदेश प्रदान किए एवं मतगणना स्थल पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति के निर्देश भी प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम जोधपुर उत्तर के आयुक्त उत्सव कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर, प्रथम दीप्ति शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर, भूमि रूपांतरण सुनिता पंकज, जे.डी.ए उपायुक्त राजपाल यादव, उपखण्ड अधिकारी जोधपुर दक्षिण महावीर सिंह जोधा सहित उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## पाली में बाल गृहों का निरीक्षण

**पाली**, (नि.सं.)। विक्रम सिंह भाटी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पाली तथा राजकीय शिशु गृह, पाली का निरीक्षण किया गया।

सचिव भाटी द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह तथा शिशु गृह की साफ-सफाई, बालकों के लिये स्वच्छ कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह, भवन की भौतिक स्थिति, गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त कूलर/ए.सी. की उपलब्धता आदि व्यवस्था का जायज़ा लिया। सचिव भाटी ने आवासित बालकों से वार्तालाप किया तथा सुविधाओं की जानकारी ली। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त पोषित आहार तथा नाश्ते में आवश्यकतानुसार चाय एवं दूध उपलब्ध करवाया जाना बताया। बालकों के खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढी, लुडो इत्यादि उपलब्ध है। अध्ययन हेतु शिक्षा विभाग से नियमित शिक्षक अध्ययन करवाने के लिए आते है। रशीद मोहम्मद अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जितेंद्र परिहार, दिपिका चौहान सदस्य बाल कल्याण समिति, पुष्पलता टांक सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, खुमाराम परिहार बाल न्यायमित्र आदि उपस्थित रहे।

# एक वर्ष पहले दर्ज गुमशुदगी का खुलासा, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिला पुलिस ने एक साल पहले थाना सदर क्षेत्र के सादुलाणियों का तला सनावड़ा से गुमशुदा युवक खरता राम के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी मृतक की पत्नी के प्रेमी दिनेश पुरी पुत्र जगराम (19) निवासी गांव कगाउ थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कगाउ गांव के पास एक गहरे टांके से मृतक के शव के अवशेष बरामद कर लिये है।

एस.पी. नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि पिछले साल 5 मई को सादुलाणियों का तला निवासी देवाराम जाट ने थाना सदर में अपने बेटे खरताराम के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसके बाद 12 मई को पुत्रवधू व अन्य पर अपहरण का शक जाहिर किया। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना का खुलासा नहीं होने पर 10 हजार के इनाम की घोषणा की गई।

एक साल से अनसुलझे गुमशुदा खरता राम प्रकरण के खुलासे के लिए सीओ रमेश शर्मा, एसएचओ सदर सत्य प्रकाश बिश्नोई, एसएचओ ठाामीण दिनेश लखावत व एसएचओ कोतवाली लेखराज सियाग की इंटेरोगेशन टीम व डीसीआरबी के कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह की तकनीकी टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण, विभिन्न रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व टोल प्लाजा के डाटा का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पिछले 5 सालों में खरताराम ने राजस्थान व गुजरात के जिन-जिन स्थानों पर मजदूरी की उन सभी जगह पूछताछ की गई। सन्दिग्ध व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई।

तकनीकी टीम को घटना के संबंध में साक्ष्य मिलने पर सन्दिग्ध दिनेश पुरी को डिटेन कर इंटेरोगेशन टीम द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने मृतक की पत्नी के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया।

### गहरे सूखे टांके से बोरे में लिपटी लाश व शूज बरामद

आरोपी की निशादेही पर पुलिस ने गांव कगाउ स्थित आम चौराहे के पास जोगमाया के मंदिर के सामने गहरे सूखे टांके से रैग्जीन के बोरे में लिपटी लाश व स्पोर्ट्स शूज बरामद कर लिये। मृतक के पहने हुए कपड़े तथा गले में डाले गए लोक देवता के फूल के आधार पर परिजनों ने लाश की पहचान खरता राम के रूप में की।



बााड़मेर एस.पी. नरेंद्र सिंह मीणा ने एक साल पहले थाना सदर क्षेत्र के सादुलाणियों का तला सनावड़ा से गुमशुदा युवक खरता राम के प्रकरण का खुलासा करने की जानकारी दी। फोटो-राष्ट्रदूत

### पढ़ाई के दौरान स्कूल में चढ़ा प्रेम परवान पर

आरोपी दिनेश पुरी व मृतक खरताराम की पत्नी दोनों ही कगाऊ गांव स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। इसी दौरान उनके बीच प्रेम प्रसंग परवान चढ़ने लगा।

कुछ समय बाद नाबालिग किशोरी की शादी खरताराम के साथ हो गई। प्रारंभ से ही वह खरताराम को पसंद नहीं करती थी। इसलिए दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा होता था। इससे परेशान होकर घर वालों ने बंटवारा कर दिया। उसके बाद खरताराम व उसकी पत्नी अलग-अलग घर में रहने लगे।

राह में रोड़ा बन रहे खरता राम को रास्ते से हटाने के लिए दिनेश पुरी व मृतक की पत्नी ने षड्यंत्र रच 4-5 मई 2023 की रात कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। लाश के डीकंपोज होने पर फैलने वाली दुर्गंध को रोकने के लिए बिस्तर में लपेट रैग्जीन के बोर में डालकर रस्सी से मुंह बंद कर सुने इलाके में स्थित गहरे सूखे टांके के अंदर फेंक दिया।

### भ्रम के लिए मृतक के स्पोर्ट्स शूज़ पहन चिन्ह बनाए

परिजनों और पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपी दिनेश पुरी ने मृतक खरता राम के स्पोर्ट्स शूज पहनकर बाहर जाने के पद चिन्ह बनाए। बाद में उन जूते को भी उसी टांके में डाल दिया।

लाश का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाया जाकर परिजनों को सौपा जाएगा। घटना के खुलासे में डीसीआरबी के कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# सोना डकैती का आरोपी एम.पी. पुलिस को सौंपा

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। मध्य प्रदेश में हर्दा जिले के थाना छीपावाड़ा इलाके में 1 किलो सोने के आभूषण की डकैती के मामले में हुलिया बदलकर बाड़मेर में फरारी काट रहे आरोपी पप्पू उर्फ नर्मदा प्रसाद निवासी नाहाड़िया थाना सिविल लाइन जिला हरदा मध्य प्रदेश को जिला स्पेशल टीम एवं थाना रीको पुलिस की टीम ने दस्तयाब कर एमपी पुलिस को सौंप दिया है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि मुल्जिम पप्पू उर्फ नर्मदा प्रसाद और उसके चार साथी 5 जून 2023 की रात मध्य प्रदेश के थाना छीपावाड़ा क्षेत्र में एक घर में घुसकर घर वालों को बंधक बनाकर 20 हजार नगद व 1 किलो सोने के आभूषण की डकैती कर फरार हो गये थे। इस संबंध में थाना छीपावाड़ा मध्य प्रदेश में प्रकरण दर्ज है।

एसपी मीना ने बताया कि अन्य राज्यों के वांछित मुल्जिमों की दस्तयाबी के लिए पुलिस मुख्यालय व आईजी जोधपुर रेंज के द्वारा दिए गए निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में एक किलो सोने की डकैती के आरोपी पप्पू उर्फ नर्मदा प्रसाद द्वारा हुलिया बदलकर बाड़मेर में फरारी काटे जाने की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में टीम गठित की गई। एसएचओ रीको देवाराम बिश्नोई व डीएसटी प्रभारी अमीन खान एएसआई मय टीम द्वारा आरोपी को दस्तयाब कर मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना दी गई। टीम के बाड़मेर पहुंचने पर आरोपी को उनके सुपुर्द किया है।

## रेल की चपेट से युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र पावटा बी रोड रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि खेड़ापा के डांवरा गांव के गोल डाणिया गोविन्दपुरा निवासी शिवप्रकाश पुत्र खुमाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 14 मई को पावटा बी रोड रेलवे ट्रेक पार करते उसका भतीजा 20 वर्षीय दीपेश चौधरी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर 21 मई से

**जोधपुर**, (कासं)। इंटैक जोधपुर चैप्टर एवं लायन्स क्लब जोधाणा के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क अभिरूचि शिविर 21 मई, को मसूरिया स्थित नवीन शिशु निकेतन बालिका विद्यालय, में आरम्भ हो रहा है जो एक माह तक चलेगा। इंटैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि नवीन शिशु निकेतन विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, नृत्य, कुकिंग, मेहन्दी, ऋाफ्ट, फाइन आर्ट, कम्प्यूटर एवं ब्यूटी पार्लर आदि का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अनेक महिला अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करके आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी व सीखकर स्वरोजगार प्रारम्भ कर सकेगी। इन सभी कलाओं को पूर्ण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कोई भी सीखने के इच्छुक अभ्यर्थी यहां पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर प्रशिक्षण प्रारम्भ कर सकेंगे। शिविर 21 मई से 20 जून तक चलेगा।

## डुप्लीकेट उत्पाद जब्त किए

**जोधपुर**, (कासं)। महामंदिर क्षेत्र में एक रेडिमेड कपड़ों की दुकान पर नामी कंपनी के ब्रांड का डुप्लीकेट कपड़े बेचने का मामला सामने आया है।

महामंदिर पुलिस के अनुसार जयपुर निवासी गोविन्द सिंह कसानाना ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि वह नामी कंपनी यूएसपीए का विक्रय प्रतिनिधि है। पता लगा कि महामंदिर क्षेत्र में स्थित साक्षी सलेक्शन रेडिमेड कपड़ों की दुकान पर कंपनी के डुप्लीकेट उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

# सीमा सुरक्षा बल ने साइकिल रैली निकाली

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। 191 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के श्री एस. आर. बैरवा, कमांडेंट के नेतृत्व में बुधवार को साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के 4 अधिकारी, 10 अधिनस्थ अधिकारी, 25 अन्य कार्मिकों ने भाग लिया। रैली 191 वाहिनी मुख्यालय से शुरू होकर जैसलमेर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार, सोनार किला मुख्य द्वार से गोपा चौक, हनुमान चौराहा, एयरपोर्ट चौराहा, गड़ीसर लेक होते हुए वाहिनी मुख्यालय में सम्पन्न हुई।

साईकिल रैली का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत व स्वस्थ भारत का संदेश देना रहा ।

# औषधियों के संबंध में चर्चा

**पाली**, (नि.सं.)। दिनेश कुमार सुथार व माधव सिंह औषधि नियन्त्रण अधिकारी, पाली व जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष धनन्जय चौधरी व सचिव मनीष जैन सहित सहित अन्य पदाधिकारी केमिस्टों के साथ नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के दुरूपयोग की रोकथाम के लिए बुधवार को कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

## हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग लगी

**जोधपुर**, (कासं)। बासनी औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार की अपरान्ह में एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग से एक बारगी फैक्ट्री में काम कर रहे श्रमिकों में अफरातफरी मच गई। हालाकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। बासनी, शास्त्रीनगर एवं बोरानाडा से दमकलें आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे। आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार आज अपरान्ह साढे चार बजे के आस पास बासनी औद्योगिक द्वितीय चरण में आई आर्ट एंड क्राफ्ट फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पर बासनी से दमकल को वहां भेजा गया। मगर आग की तीव्रता ज्यादा होने पर शास्त्रीनगर से भी दमकल को बुलाया गया। आधा दर्जन दमकलों ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

# पत्रकार पर हमले के आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार : चौधरी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के भणियाणा थाना क्षेत्र के उचपदरा गांव में एक स्थानीय पत्रकार पर हुए हमले के मामले में एसपी सुधीर चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जल्द ही अन्य आरोपियों को पकड़ने की बात कही।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मामले को लेकर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पत्रकार पर हमला जेल में बैठे एक शख्स के इशारे पर किसी ने किया है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है। हमने एक आरोपी को पकड़ा है और उससे अन्य आरोपियों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने बताया कि नाबालिग के साथ कुकर्म के मामले में जेल में बैठे एक अपराधी की खबर हीराराम द्वारा चलाए जाने के बाद हमला करवाए जाने के हीराराम ने आरोप लगाए और हमें भी इनपुट मिले हैं की जेल में बैठे व्यक्ति के इशारे पर ही हमला हुआ है।

इस दौरान एसपी सुधीर चौधरी ने पत्रकार पर हुए हमले के आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि 12 मई की शाम को पत्रकार हीराराम मेघवाल को चार अज्ञात आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल हुए हीराराम को मृत समझ कर आरोपी मौके से भाग निकले। उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई है।

हाथ, पैर एवं सिर में फ्रैक्चर हो गए। भणियाणा हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जोधपुर रेफर किया गया, जहां पर वो एमडीएम हॉस्पिटल में भर्ती है।

स्थानीय पत्रकार हीराराम ने बताया कि पिछले दिनों एक नाबालिग के साथ बलात्कार की जुड़ी घटना की कवरेज के बाद पुलिस ने हरीसिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, तब से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

इसी को लेकर पिछले रविवार घर से बाहर निकलने पर कुछ लोगों ने मुंह बांधकर जानलेवा हमला कर दिया।

## महाआरती की

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के इन्दिरा कॉलोनी मे रावणा राजपूत समाज भवन मे स्थित मां जगदम्बा मंदिर के 11 वे स्थापना दिवस पर प्रथम इकाई की ओर से बुधवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

ईकाई अध्यक्ष बाबू सिंह गेहलोत ने बताया कि बुधवार को प्रातःकाल महाआरती के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।

**आम सूचना**

साझेदारी फर्म मैसर्स शिव शक्ति स्टोन, थर्ड फेस रिको इण्डस्ट्रीयल एरिया जालोर, जिसका साझेदारी पंजीयन जिला उद्योग केन्द्र जालोर में पंजीयन क्रमांक RF/JLR/2018/2705 दिनांक 25.07.2018 को किया हुआ है। जिसके अधिकृत भागीदार जसा राम पुत्र हिमता राम माली शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि फर्म के भागीदार मिथुन राठौड पुत्र जगदीश राठौड, निवासी रानीवाडा, जिला जालोर 343040 दिनांक 30.04.2024 को स्वेच्छा से हटाया जाता है रमेश कुमार माली पुत्र मिश्रा राम निवासी राजेन्द्रा नगर जालोर 343001, को दिनांक 30.04.2024 से नया भागीदार बनाया जाता है।

**आम सूचना**

मैसर्स जय जगदम्बा ग्रेनी मार्मो, जालोर रजिस्ट्रेशन नम्बर RF/JLR/2021/574 पता प्लोट नम्बर 104 खसरा 833, 834 फतेह इण्डस्ट्रीयल एरिया, भीनमाल रोड, भागली सिंधलान जालोर (राज.) के भागीदार शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन करते है कि फर्म के भागीदार रतन लाल हरितवाल पुत्र श्री सागर मल हरितवाल जाति जाट, उम्र 47 वर्ष निवासी वार्ड नं. 9 गोवटी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर के द्वारा दिनांक 14.05.2024 को स्वैच्छा से भागीदारी निकाल ली गयी है। फर्म के भागीदार महेन्द्र सिंह हरितवाल पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण हरितवाल, जाति जाट उम्र 36 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 9 गोवटी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर फर्म में भागीदार बने रहेगे। विजय दीप यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव, उम्र 31 वर्ष, जाति यादव, निवासी खेडी ग्राम पंचायत जाजोद तहसील खण्डेला जिला सीकर को दिनांक 14.05.2024 से नया भागीदार बनाया जाता है। अगर इसमें किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो कृपया इस आम सूचना से 10 दिन के भीतर में जिला उद्योग केन्द्र जालोर में सूचित करें।